**आयात / निर्यात हेतु सरणीबद्ध एजेन्सियां**

3511. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयात / निर्यात हेतु सरणीबद्ध वस्तुएं कौन-कौन सी हैं और इनकी सरणीबद्ध एजेन्सियां कौन-कौन सी हैं;

(ख) क्या सरकार को इन वस्तुओं को गैर-सरणीबद्ध करने हेतु कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस संबंध में कोई परिवर्तन करने का विचार रखती है;. और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी):** (क) और (ङ) सरणीकरण एजेन्सियों के जरिए आयात और निर्यात के लिए सरणीकृत मदों की सूची आयात-निर्यात नीति, 1992-97 के अध्याय 15 और 16 में दी गई है। उपर्युक्त आयात-निर्यात नीति पुस्तक संसद पुस्तकालय में उपलब्ध है।

आयात-निर्यात नीति में परिवर्तन के बारे में समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त होते रहते हैं। आयात-निर्यात नीति की पुनरीक्षा एक सतत प्रक्रिया है और जब कभी भी आवश्यक समझा जाता है इसमें परिवर्तन किए जाते हैं।

**गाय के मांस का निर्यात**

3512. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल:** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को गाय के मांस का निर्यात करने वाली कुछ कम्पनियों के विरुद्ध शिकायतें मिली हैं;?

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार गाय के मांस के निर्यात पर रोक लगाने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है?

**वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी):** (क) से (ग) गोमांस का निर्यात एग्जिम नीति को निषेधात्मक सूची के भाग 1 में पहले ही निषिद्ध किया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय के अनुसार, गोमांस के निर्यात के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है।

**Development Centre for Boosting Exports of Sports Goods**

3513. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether a design-cum-development centre was established at Jalandhar in April, 1993 at an estimated cost of Rs. 109.50 lakh with a view to boosting export of sports goods;

(b) whether it is a fact that some machines were purchased from U.K. and airlifted to Jalandhar and if so, the details thereof;

(c) whether it is also a fact that the machines were not put to use;

(d) if so, the reasons therefor;

(e) whether there is any proposal under Government's consideration to install these machines now;

(f) if so, the details thereof; and

(g) what action Government propose to take in the matter to check such practice in future?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) Yes, Sir. The Centre is under the administrative control of the State Trading Corporation of India.

(b) to (g) One Computerised Universal Testing Machine was purchased by the Centre from UK for determining the quality of sports goods meant for export purposes and also for providing testing facilities for raw material and finished goods. Besides this, 21 other machines and equipments have also been procured by the State Trading Corporation of India and have been installed in the Centre. The installation of the Universal Testing Machine is in progress.